
RBSE Half-Yearly Exam Question Paper



aglasem.com

अनुक्रमांक | | | | | | **A** **APS-901-(IX) हिन्दी**

अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24

कक्षा–9

समय : 3 घण्टे 15 मिनट **विषय : हिन्दी** **पूर्णांक : 70**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश:

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों के आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

खण्ड–अ

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 6×1=6

संसारता में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। बहुधा देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति सम्पन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग के घरों में या गरीब परिवारों में ही होता है। इस तरह उनका पालन-पोषण साधारण परिवार में होता है और वे सादा-जीवन बिताने के आदी हो जाते हैं।

मनुष्य में विनय, उदारता, सहिष्णुता और साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। इन गुणों का प्रभाव उसके जीवन पर पड़ता है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन और सरल बनाते हैं। सादगी का विचारों से घनिष्ठ सम्बन्ध है। सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए।

व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। उन्हें अपने ऊपर हावी नहीं होने देता। सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति को कभी हतप्रभ होकर अपने आत्म-सम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंक है, वह बाहरी चीज नहीं है। महात्मा गाँधी सादा जीवन पसन्द करते थे और हाथ के कते व बुने खद्दर के मामूली वस्त्र पहनते थे, किन्तु अपने उच्च विचारों के कारण वे संसार में वंदनीय हो गए।

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है–
   (अ) विवेकशील व्यक्ति (ब) सादा जीवन उच्च विचार
   (स) सामाजिक एकता (द) प्रसन्नता का महत्त्व ( )
2. संसार में अमरता मिलती है–
   (अ) भयमुक्त कार्य करने पर (ब) जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ते हैं
   (स) सादा जीवन बिताते हैं (द) अपने कार्य लगा रहता है ( )
3. अमरता पाने वालों का जन्म होता है–
   (अ) मध्यम या गरीब परिवारों में (ब) उच्च व धनी परिवारों में
   (स) नैतिक परिवारों में (द) सामाजिक परिवारों में ( )
4. सादगी का घनिष्ठ सम्बन्ध है–
   (अ) निर्बल (ब) प्रसन्नता
   (स) विचार (द) जीवन ( )
5. मनुष्य के विचारों पर प्रभाव डालते हैं–
   (अ) उसके आचरण (ब) उसका जीवन
   (स) अनैतिक आचरण (द) असामाजिक आचरण ( )

6. महात्मा गाँधी कैसा जीवन पसन्द करते थे?
(अ) उच्च जीवन (ब) अच्छे वस्त्र पहनना
(स) विदेशी खद्दर के वस्त्र (द) सादा जीवन ( )

निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 6+6

नीड़ का निर्माण फिर-फिर,
नेह का आह्वान फिर-फिर
वह उठी आँधी कि नभ में
छा गया सहसा अँधेरा,
धूलि धूसर बादलों ने
भूमि को इस भाँति घेरा,
रात-सा दिन हो गया, फिर
रात आई और काली
लग रहा था अब न होगा
इस निशा का फिर सवेरा,
रात के उत्पात-भय से
भीत जन-जन, भीत कण-कण
किंतु प्राची से उषा की
मोहिनी मुस्कान फिर-फिर
नीड़ का निर्माण फिर-फिर
नेह का आह्वान फिर-फिर।

7. 'छा गया सहसा अँधेरा' पंक्ति का भाव है–
(अ) सहसा बादलों का छा जाना (ब) सहसा धूल भरी आँधी चलना
(स) सहसा जीवन में कष्टों का आगमन (द) सहसा बिजली का चले जाना ( )

8. रात आने पर कवि को लगा–
(अ) रात में रास्ता भटक जाने का डर (ब) मुसीबतों का समाप्त न होने का डर
(स) रात में अकेले होने का डर (द) निशा न समाप्त होने का डर ( )

9. उषा की मोहिनी मुस्कान सन्देश देती है–
(अ) सवेरा होने पर अँधेरा दूर हो जाता है (ब) सुबह सबका मन मोह लेती है
(स) सवेरा होने पर सभी काम में लग जाते हैं (द) दुःख के बाद सुख का आगमन होता है ( )

10. नीड़ का अर्थ है–
(अ) पायल (ब) जामुन (स) कलम (द) घोंसला ( )

11. कवि घोंसले का पुनर्निर्माण चाहता है क्योंकि–
(अ) कवि घोंसला बनाने की कला जानता है (ब) कवि घोंसला बनाकर पक्षियों को आश्रय देना चाहता है
(स) कवि आशावादी है (द) कवि चाहता है कि पक्षी घोंसला बनाये ( )

12. उपर्युक्त पद्यांश संदेश देता है–
(अ) कष्टों से नहीं घबराना (ब) दुःखों का अंत जरूर होता है
(स) जीवन में आशावादी होना (द) उपर्युक्त सभी ( )

13. दिये गए बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 6

(क) बढ़ते फैशन का दुष्प्रभाव–(i) प्रस्तावना (ii) फैशन और युवा वर्ग (iii) फैशन के प्रेरणा स्त्रोत (iv) फैशन के विविध रूप (v) फैशन के दुष्परिणाम (vi) उपसंहार।

(ख) बढ़ता आतंकवाद : एक चुनौती–(i) भूमिका (ii) आतंकवाद विश्वव्यापी समस्या (iii) आतंकवाद की नर्सरी (iv) भारत में आतंकवाद (v) समाप्ति के उपाय

(ग) पर्यावरण प्रदूषण : एक समस्या–(i) प्रस्तावना (ii) पर्यावरण-प्रदूषण के विविध प्रकार (iii) पर्यावरण प्रदूषण के कुप्रभाव(iv) निवारण के उपाय (v) उपसंहार।

(घ) भारत के उन्नति की ओर बढ़ते कदम–(i) भूमिका (ii) प्रगति का आधार (iii) विविध क्षेत्रों में प्रगति (iv) बाधाएँ और समाधान (v) उपसंहार

14. आप जालोर निवासी मनोहर हैं, जयपुर में अध्ययनरत अपने छोटे भाई कुलदीप को पत्र लिखकर नियमित रूप से अध्ययन में मन लगाने की सलाह देने के लिए पत्र लिखिए।

अथवा

आपका नाम कुणाल आर्य मानते हुए अपने प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलवर को अपना चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। 4

15. आपके विद्यालय में आयोजित 'वृक्ष बचाओ' समारोह पर 100 शब्दों में एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

अथवा

आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, उस पर 100 शब्दों में एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 4

खण्ड–स

16. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(i) अति, आ, उप, परि उपसर्ग लगाकर प्रत्येक के दो-दो शब्द बनाकर लिखिए। 2

(ii) विशेषण किसे कहते हैं? 1

(iii) आकाश, पक्षी के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

(iv) अनुकूल व आकाश के विलोम शब्द लिखिए। 1

(v) निम्न मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए– 2
(क) एड़ी चोटी का जोर लगाना (ख) खून खौलना

(vi) संयुक्त वाक्य की परिभाषा लिखिए। 2

खण्ड–द

17. निम्नलिखित गद्यांश में से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

झूरी काछी के दोनों बैलों के नाम थे हीरा और मोती। दोनों पछाई जाति के थे–देखने में सुन्दर, काम में चौकस, डील में ऊँचे। बहुत दिनों साथ रहते-रहते दोनों में भाईचारा हो गया था। दोनों आमने-सामने या आस-पास बैठे हुए एक-दूसरे से मूक भाषा में विचार-विनिमय करते थे। एक, दूसरे के मन की बात कैसे समझ जाता था, हम नहीं कह सकते। अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है। दोनों एक-दूसरे को चाटकर और सूँघकर अपना प्रेम प्रकट करते, कभी-कभी दोनों सींग भी मिला लिया करते थे–विग्रह के नाते से नहीं, केवल विनोद के भाव से, आत्मीयता के भाव से, जैसे दोस्तों में घनिष्ठता होते ही धौल-धप्पा होने लगता है। इसके बिना दोस्ती कुछ फुसफुसी, कुछ हल्की-सी रहती है, जिस पर ज्यादा विश्वास नहीं किया जा सकता। 5×1=5

(i) झूरी काछी के बैलों में क्या-क्या विशेषताएँ थीं?

(ii) हीरा-मोती में कौनसी गुप्त शक्ति थी जो मनुष्यों में नहीं होती?

(iii) हीरा-मोती द्वारा आपस में प्रेम प्रकट करने का ढंग क्या था?

(iv) दोस्ती फुसफुसी कब रहती है?

(v) 'विनोद' व 'आत्मीयता' का अर्थ लिखिए। अथवा

दूसरे दिन हमने भरिया ढूँढने की कोशिश की, लेकिन कोई न मिला। सवेरे ही चल दिए होते तो अच्छा था, लेकिन अब 10-11 बजे की तेज धूप में चलना पड़ रहा था। तिब्बत की धूप भी बहुत कड़ी मालूम होती है, यद्यपि थोड़े से भी मोटे कपड़े से सिर को ढाँक लें, तो गरमी खतम हो जाती है। आप 2 बजे सूरज की ओर मुँह करके चल रहे हैं, ललाट धूप से जल रहा है और पीछे का कंधा बरफ़ हो रहा है। फिर हमने पीठ पर अपनी-अपनी चीजें लादी, डंडा हाथ में लिया और चल पड़े।

(i) भरिया किसे कहते हैं?
(ii) तिब्बत की धूप और ठण्ड का वर्णन कीजिए।
(iii) लेखक को सुबह यात्रा शुरू न कर पाने का पछतावा क्यों था?
(iv) लेखक के यात्री-वेश का वर्णन कीजिए।
(v) उपर्युक्त गद्यांश में लेखक ने किसकी यात्रा का वर्णन किया है?

18. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर किसी एक पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 5

मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी।
ओढ़ि पितंबर लै लकुटी बन गौधन ग्वारनि संग फिरौंगी।।
भावतो वोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी।
या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।।

(i) गोपी के ऐसे आग्रह से उसका कौनसा भाव व्यक्त हुआ है?
(ii) गोपी श्रीकृष्ण की किस रूप-छवि को धारण करना चाहती थी?
(iii) गोपी श्रीकृष्ण की मुरली को अपने अधरों पर क्यों नहीं रखना चाहती थी?
(iv) श्रीकृष्ण के माथे पर कैसा मुकुट सुशोभित होता है?
(v) 'स्वांग करौगी' से क्या आशय है? **अथवा**

थल-थल में बसता है शिव ही, भेद न कर क्या हिन्दू-मुसलमां।
ज्ञानी है तो स्वयं को जान, वही है साहिब से पहचान।

(i) कवयित्री ने शिव का निवास कहाँ बताया है?
(ii) 'भेद न कर' कवयित्री ने ऐसा किस कारण कहा है?
(iii) ईश्वर की पहचान का कौनसा मार्ग है?
(iv) कवयित्री ज्ञानी जन को क्या जानने की प्रेरणा देती है?
(v) कवयित्री ने ईश्वर-स्वरूप के विषय में क्या बताया है?

19. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– 4×½=2

(i) ..... का विस्तार सामंती संस्कृति के कारण हो रहा है। (सामंतवाद/उपभोक्तावाद)
(ii) तुम ..... का महत्त्व नहीं जानते। (फोटो/पोशाक)
(iii) शासन है, या तम का प्रभाव ..... हैं। (गहरा/हल्का)
(iv) बसौ ब्रज ..... गाँव के ग्वारन। (मथुरा/गोकुल)

20. निम्नलिखित लघुत्तरात्मक प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 2×2=4

(i) पान की दुकान के सामने खड़े लोग चुपचाप होकर क्या सुन रहे थे?
(ii) लेखिका की परदादी ने क्या व्रत ले रखा था?
(iii) ''मृत्यु का तरल दूत'' किसे कहा गया है?

21. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 4×2½=10

(i) लेखिका की परदादी ने भगवान से क्या मन्नत माँगी थी?
(ii) कोयल अर्द्धरात्रि को क्यों चीख उठती है?
(iii) कृष्णभक्त कवि रसखान का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
(iv) बाढ़ को बढ़ते देख पटनावासियों की क्या प्रतिक्रिया थी?
(v) ''शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है''-इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

22. निम्नलिखित निबन्धात्मक प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4×2=8

(i) 'कैदी व कोकिला' कविता के आधार पर जेल में बन्द कैदी की दशा पर प्रकाश डालिए।
(ii) ललद्यद के अनुसार 'माझी' और 'उतराई' शब्दों का आशय स्पष्ट कीजिए।
(iii) आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ से कुछ सुझाव दीजिए।

❑❑❑

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers